सुविचार

अगर आपके पास मन की शांति है तो समझ लेना आपसे अधिक भाग्यशाली कोई नहीं है ।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-29 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 25 अगस्त 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## शपथ पत्र(Affidavit), क्या है न्यायिक और गैर न्यायिक शपथ पत्र क्या होते हैं जानिए/CPC.....

शपथ पत्र शपथपूर्वक कहा गया एक लिखित कथन है जो कथन करने वाले की जानकारी सही है या किसी अन्य से मिली जानकारी को सही मानता है इसे लिखित वचन भी कह सकते हैं।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

शपथ पत्र दो स्तर पर होते हैं-

1. **न्यायिक प्रक्रिया में-** न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाला शपथ पत्र 10 रुपये के स्टाम्प पर लिखा होना चाहिए एवं जिला न्यायलय इस उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त कोई शपथ आयुक्त द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

2. **गैर न्यायिक प्रक्रिया-** गैर न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाला शपथ पत्र किसी भी शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित होना चाहिए इन की नियुक्ति राज्य सरकार या राज्यपाल के द्वारा होती है।

**नोट** - मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक FB-4-29-2014 संशोधन अधिसूचना 2 जनवरी 2015-भारतीय स्टाम्प अधिनियम,1899 की धारा 9 की उपधारा (1) का खंड (क) राज्य सरकार को यह शक्ति के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को किसी भी न्यायालय में पीठासीन अधिकारी एवं न्यायाधीश के फाइल किये जाने वाले शपथ पर स्टाम्प शुल्क माफ करती है।

## वे कौन से ठोस आधार है जिसके कारण पति पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं दे सकता है जानिए/legal advice.......

पति-पत्नी के आपसी मतभेद होना वर्तमान समय में एक सामान्य बात हो गई है। पत्नी की मांगों को अगर पति पूरा नहीं करता है तो वह पति से झगड़ा करने लगती है इसी बात को लेकर अगर झगड़ा बड़ जाता है तो पत्नी एक दो बात कहकर मायके चली जाती है एक मायके पक्ष के बहकावे में आकर बहुत सी पत्नियां अपने पति पर केस कर देते हैं यह वर्तमान समय में एक सामान्य बात हो गई है लेकिन एक अच्छे पारिवारिक जीवन जीने के लिए ऐसा करना गलत है।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

अगर कोई पत्नी आवेश में आकर आपने पति पर भरण पोषण का मामला दर्ज करवाती है तो पति निम्न प्रकार से अपना बचाव कर सकता है जानिए।

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 125 की उपधारा 04 की परिभाषा?

कोई भी पति निम्न परिस्थिति साबित करने के बाद आपनी पत्नी को भरण पोषण नहीं दे सकता है-

1. जब पत्नी किसी दूसरे व्यक्ति के साथ जारता अर्थात नाजायज संबंध में रह रही हो।
2. जब पत्नी किसी बिना ठोस कारण के पति के साथ रहने से इनकार कर रही है।
3. जब पत्नी पारस्परिक सहमति से अपने पति से अलग रह रही हो।

उपर्युक्त तथ्यों साबित होने के बाद मजिस्ट्रेट भरण पोषण के आदेश को रद्द कर सकता है या आवेदन को खारिज कर सकता है।

### सारणी में 4 हजार 563 करोड़ रुपए के पावर प्लांट का भूमिपूजन

## प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं रहेगी : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शासकीय महाविद्यालय बगडोना का नाम शहीद सरदार विष्णु सिंह गोंड के नाम पर किया जाएगा। पर्यटन नगरी मठारदेव में रोपवे के लिए सर्वे कराएंगे। शासकीय महाविद्यालय बगडोना में वाणिज्य और विज्ञान के संकाय प्रारंभ होंगे। सारणी में आईटीआई खोली जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज बैतूल जिले के सारणी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को हितलाभ वितरण एवं चरण पादुका योजना अंतर्गत सामग्री वितरण और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। बैतूल जिले के सारणी में 4 हजार 563 करोड़ रुपए के पावर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। सारणी में विकास के कई काम होंगे। प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं रहेगी। हर-घर में नलों मे माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर वन मंत्री कुंवर विजय शाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री दुर्गादास उईके, क्षेत्रीय विधायक तथा जन प्रतिनिधि, जनजातीय भाई-बहन, लाड़ली बहना तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम के प्रारंभ में कन्याओं का पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र भाई बहनों को रहने के लिए घर और पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों की समस्याओं को हल किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और इसरो की टीम को चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता पर पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नौकरी और स्वरोजगार के लिए सीखो और कमाओ योजना शुरु की गई है। अभी एक लाख पदों पर भर्ती चल रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की मेडीकल, इंजीनियरिंग एवं उच्च शिक्षा की फीस राज्य सरकार भरवाएगी।

## मुख्यमंत्री ने किया ग्रामवासियों से संवाद

### रात्रि भोजन के लिये मंतो बाई के घर पहुँचे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम मोरडोंगरी में ग्रामसभा में ग्रामीणजनों से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्रामसभा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही कुमारी सृष्टि और दर्शिमा को प्रमाण-पत्र एवं लाड़ली लक्ष्मी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुमारी गीतिका, रश्मि और खुशी को छात्रवृत्ति के स्वीकृति-पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बच्चे अवनीश, लक्ष्मी और कार्तिक से बात भी की। उन्होंने श्रीमती कलावति, बबली और कृतिका को पोषण टोकरी भी भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान नव-निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए मंतो बाई के घर रात्रि भोज के लिये पहुँचे, तो मंतो बाई की खुशी का ठिकाना न रहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंतो बाई के नव-निर्मित आवास का फीता काट कर शुभारंभ किया। मंतो बाई ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## पांढुर्णा प्रदेश का 55वां जिला बनेगा- मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पांढुर्णा प्रदेश का 55वां जिला बनेगा। नवीन जिले में पांढुर्णा, सौंसर तहसील और नांदनवाड़ी उप तहसील को मिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री महाकाल लोक की तर्ज पर जामसांवली हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लोक का निर्माण किया जाएगा। लगभग 26.50 एकड़ क्षेत्र में प्रथम चरण में 35 करोड़ रुपये से अधिक लागत से श्री हनुमान लोक के निर्माण का कार्य आरंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने छिंदवाड़ा जिले के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाम सांवली में श्री हनुमान लोक का विधि-विधान से भूमि पूजन कर यह घोषणा की। उन्होंने मंदिर में श्री बजरंगवली के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। कृषि मंत्री तथा छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी श्री कमल पटेल साथ थे। छिंदवाड़ा में बन रहे श्री हनुमान लोक में प्रथम चरण में मराठवाड़ा वास्तु-कला से प्रेरित भव्य प्रवेश द्वार से भगवान के विराट स्वरूप की छवि दिखेगी। मुख्य प्रवेश द्वार से प्रथम प्रांगण तक 500 मीटर लंबा चिरंजीवी पथ बनेगा।

**सलाह** | एस.एस.बी. के प्रशिक्षु अधिकारियों को दी नियमित व्यायाम और पौष्टिक आहार की सलाह

# वर्दी समाज और देश के सम्मान का प्रतीक - राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्दी समाज और देश के सम्मान का प्रतीक है। वर्दी जनता के मन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करती है। राज्यपाल श्री पटेल गुरूवार को राजभवन में सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को धैर्यवान, तनावरहित रहने, अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग, व्यायाम करने और पौष्टिक खान-पान की सलाह दी।

सशस्त्र सीमा बल के महा निरीक्षक श्री संजीव शर्मा द्वारा राज्यपाल को पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा भी उपस्थित थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा, नागरिकों के सुख-चैन का आधार होती है। जब परिवार से दूर रहकर हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए सीमा के प्रहरी जागते है तभी हम देशवासी चैन और शांति की नींद सो पाते है। किसी भी देश के सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षु अधिकारी निष्ठा, ईमानदारी एवं राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर-सैनिकों की गाथाओं से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल पर नेपाल और भूटान



जैसे मित्र राष्ट्रों की सीमाओं की सुरक्षा की संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। सीमा की सुरक्षा के लिए असामाजिक तत्वों एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। साथ ही सीमाओं पर रहने वाले आमजनों को सदैव सुरक्षित महसूस कराएं। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होने पाए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आप लोग कठिन प्रशिक्षण के पश्चात आजादी के अमृतकाल के महत्वपूर्ण प्रसंग में देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को देश के प्रतिष्ठित और गौरवशाली सुरक्षा बल का सदस्य बनने पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत उद्बोधन में महानिरीक्षक एस.एस.बी. अकादमी भोपाल श्री शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग से चयनित 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के 52 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री रौनक त्यागी ने समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के उप-सचिव श्री स्वरोचिष सोमवंशी, उप-महानिरीक्षक एस.एस.बी. श्री सोमित जोशी एवं सशस्त्र सीमा बल के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।


# भाजपा के राज में आदिवासी हो गये अनाथ..... कहां हो कमल नाथ ये पुकार लगा रहा शहडोल जिले स्थित अमझोर ग्राम पंचायत का एक आदिवासी परिवार

**शहडोल/जयसिंह नगर।** आपको बता दें की ग्राम अमझोर मे एक आदिवासी परिवार जो लगभग 40 वर्षो से परेशान शारीरिक मानसिक रूप से परेशान है। ऐसा ही एक मामला ग्राम अमझोर से आ रहा है हमारी युवा प्रदेश पत्रिका के माध्यम से शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के विरुद्ध लेख प्रकाशित कराया गया था आज दिनांक तक शासन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई न होने से आदिवासी परिवार काफी परेशान है।

पेशे से शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के विरुद्ध हाल ही में सहायक आयुक्त महोदय जनजाति कार्य विभाग को शिकायत आवेदन 7.8 .2023 को एवं अगले ही दिन संभाग के मुखिया श्रीमान कमिश्नर महोदय एवं कलेक्टर महोदय को 8.8.2023 को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी परंतु आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आदिवासी परिवार काफी परेशान हो रहा है। आवेदक ओंकार सिंह का कहना है कि मेरे पिता द्वारा 40 वर्षो से अपनी पट्टे की आराजी की भूमि को पाने के लिए संघर्षरत थे। न्याय पाने की आस में पिता कॉल कलवित




हो गए परंतु न्याय नहीं मिला। वर्ष 2019 से शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी द्वारा आदिवासी के पट्टे की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कर लिया राजस्व हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक महोदय के साथ अन्य राजस्व के आला अधिकारियों ने दिवाकर तिवारी का बचाव करते



हुए , उक्त आदिवासी के पट्टे की भूमि को शासकीय बताकर संरक्षण किया गया है । ऐसा नहीं है न्यायालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है विगत 4 वर्षों में कई अधिकारी आए और चले गए अपने अपने स्तर पर इस प्रकरण में कार्रवाई की विडंबना यह थी कि शासन अपने ही आदेशों का क्रियान्वयन आज दिनांक तक नहीं करा सका। बड़े शर्म की बात है आदिवासी बहुल क्षेत्र में एक आदिवासी परिवार को शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। शासकीय शिक्षक ने धारा 248 मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 के तहत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण स्वीकार किया और ?10,000 का जुर्माना स्वीकार करते हुए , आदिवासी के पट्टे कब्जे से बाहर हो गया और आसपास की भूमि पर अवैध मकान का निर्माण कर बाउंड्री वॉल बनाने की तैयारी करते हुए अतिक्रमित भाग से कहीं अधिक भूभाग पर अतिक्रमण और फैला कर शासन प्रशासन को दिवाकर तिवारी ठेंगा दिखा रहा है। क्या ऐसे में शिवराज मामा इस आदिवासी को नया दिला कर घमंड में चूर शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के विरुद्ध कोई कड़ी कार्रवाई करेंगे। ओंकार सिंह का कहना है अंग्रेजों की गुलामी इतनी दुखदाई नहीं थी जितनी आज दिखती है हम अपने लोगों के ही गुलाम है न्याय के लिए आवाज तक नहीं उठा सकते। आदिवासी परिवार को न्याय कब मिलेगा इसका इंतजार रहेगा।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिग्गज नेताओं का सागर में लीलाधर अहिरवार ने किया भव्य स्वागत



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर। आपको बता दे कि आज सागर में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सागर में आयोजित विशाल जनसभा मे कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजयसिंह जी सहित कांग्रेस के वरिष्ट नेता सागर पहुचे साथ मे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव जी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कमलेश्वर पटेल जी का नरयावली विधानसभा की और से लीलाधर अहिरवार के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओ ने सभी वरिष्ट नेताओं का स्वागत किया गया आप सभी को यह भी बता दें की लीलाधर अहिरवार सागर जिले से नरियावली विधानसभा के एक मजबूत प्रत्याशी हैं जिन्होंने पिछले कुछ महीनो से लगातार नारियल वाली विधानसभा में अपनों से अपनी बात के कार्यक्रम के तहत लगातार ग्रामीणों के बीच में एक चर्चा का विषय बने हुए हैं लीलाधर अहिरवार को विधानसभा नरयावली की जनता पसंद कर रही है और भारी मात्रा में उनका सहयोग कर रही है।





## शहडोल:विभिन्न संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

**कैलाश कुमार**
**सह - संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आज शहडोल नगर के जन दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री का विभिन्न संगठनों द्वारा साल, श्रीफल एवं फूल की मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला मुख्यालय के लल्लू सिंह चौराहा में कपड़ा व्यापारी संघ, इंदिरा चौक के पास ऑटोमोबाइल संघ, गुरु नानक चौक के पास दवा व्यापारी संघ, गांधी चौक के पास लाडली बहनों, महादेव पुष्प भंडार के पास सब्जी मंडी व्यापारी संघ, होटल अभय के पास आशा उषा और आशा सहयोगी संघ, चंद्रलोक वस्त्रालय के पास जैन समाज, प्रयाग फोटोकॉपी के पास गुरुजी अध्यापक मोर्चा संघ, भारत गैस एजेंसी के पास महिला मोर्चा, नगर पालिका एटीएम के पास आउटसोर्स कर्मचारी संघ, नगर पालिका गेट के पास किराना व्यापारी संघ, रूप मिलन वस्त्रालय के पास भारतीय मजदूर संघ, पोस्ट ऑफिस गेट के पास वैश्य एवं ब्राह्मण समाज, महिला मंडल के पास ब्राह्मण महिला समाज, राजेंद्र क्लब के पास सिख समाज, सुमित भाऊ की दुकान के पास अल्पसंख्यक मोर्चा, स्वामी विवेकानंद परिसर के पास किसान संघ, चौधरी एजेंसी के पास संविदा कर्मचारी संघ, सोनांचल प्रेस के पास विद्यार्थी परिषद संघ, रसोईया संघ, कृषि उपज मंडी संघ, युवा मोर्चा, सिंधी समाज, अभिभाषक संघ, पिछड़ा वर्ग, राजस्व निरीक्षक संघ, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज, पटवारी संघ, विराट नंदिनी संघ, पंचायत सचिव संघ,






लघु वनोपज संघ, अनुसूची जाति जनजाति मोर्चा शहडोल, कोल समाज, महिला शक्ति सीएफएल, फुटबॉल खिलाड़ियों, लाडली लक्ष्मी बहना, एवं सफाई मित्र संघ ने पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का जन दर्शन के दौरान जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया।

## शहडोल नगर पालिका को नगर निगम बनाने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल संभागीय मुख्यालय में आयोजित मेधावी छात्रों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि शहडोल संभाग के विकास में कोई कसर नही रखी जायेगी, इस संभाग को प्रदेश के सबसे विकसित संभाग बनाना चाहता हूँ, उन्होंने शहडोल नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देने, संभागीय मुख्यालय में हवाई पट्टी का निर्माण कराने, शहडोल से नागपुर तक रेल सेवा प्रारंभ कराने तथा संभागीय मुख्यालय में एक नये कालेज की शुरुआत कराने की घोषणा की।

## मुख्यमंत्री ने फुटबॉल क्रांति की फुटबॉल नन्हे हाथो को सौंपी




**युवा प्रदेश ❑शहडोल**

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल जिले के प्रवास के दौरान शहडोल संभाग में खेलों को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गयी फुटबॉल क्रांति की सराहना की, उन्होंने नन्हे खिलाड़ियों को फुटबॉल सौंपी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संभागीय मुख्यालय शहडोल में जन जातीय कार्य विभाग व्दारा 6 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनाये गये क्रीड़ा परिसर का लोकार्पण किया, इस परिसर में क्लाइंबिंग वाल स्पोर्ट्स की विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, सासंद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राम लाल रौतेल, महिला वित्त विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक श्री जय सिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह, शरद कोल, प्रमुख सचिव लोक शिक्षण, आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव, आयुक्त शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा, एडीजी श्री डी सी सागर, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, कमल सिंह सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकार, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।



लेखक -
आर, सूर्या

## कुछ लोग कहते हैं

हम तो इसको अच्छे से जानते है
ये कैसा हैं, इंसान
जबकि मै कहता हु
मै तो अभी खुद को अच्छे से नहीं समझ पाया हु
तो लोग मुझे अच्छे से कैसे जानते हैं
कुछ लोग कहते हैं
जो लोग कहते है
वो खुद को पहले समझ ले
किसी ग़ैर को जानने से पहले खुद के अंदर झांक ले
ख़ैर बाते तो करते रहते हैं लोग
जान हैं तब भी जान जाने के बाद भी
कुछ लोग कहते हैं
अरे किसी के मन को जानना
किसी के दिल को पहचानना मामूली बात नहीं
जब तुम किसी के साथ लम्हा गुजारते हो
तभी किसी को समझ पाते हो
ये पल, यु छण मे
लोगो को तुम कैसे जान जाते हो
कुछ लोग कहते हैं
मुझे कोई अगर समझ पाया हैं
खुद से ज्यादा मुझको जान पाया हैं
तो वो सिर्फ एक हैं,जो मेरी माँ हैं

- यात्रा में हो रही सभी समाजों की सहभागिता
- अतरिया से प्रारंभ हुई स्नेह यात्रा, लोगों ने किया स्वागत

# सत्संग, संकीर्तन, समर्पण और सेवा का अद्भुत संगम है स्नेह यात्रा





**युवा प्रदेश ❑ शहडोल**

जिले में चलाई जा रही स्नेह यात्रा ने सेवा, संकल्प और संतों के प्रति सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले के गांवों की सेवा बस्तियों में स्नेह यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत हो रहा है। स्नेह यात्रा के स्वागत की इस पुनीत बेला में गांवों की सेवा बस्तियों में समाज के सभी वर्गों ने अपनी सहभागिता दी है। संतों के स्वागत और सत्संग में बढ़चढ़ कर भाग लिया गया है। स्नेह यात्रा सत्संग, संकीर्तन, सेवा, समर्पण और संकल्प का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रही है। आज स्नेह यात्रा जनपद पंचायत बुढार के ग्राम अतरिया से महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज महामृत्युंजय अमरकंटक के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ हुई। सत्संग को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज ने कहा की जगत कल्याण के



केन्द्र में स्नेह की भावना है। हम सबको समाज में स्नेह और प्रेम की भावना विकसित करनी होगी। हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश विद्यमान है। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज में आपसी भाईचारे के साथ रहना चाहिए और बुजुर्गो लोंगो की सेवा करना चाहिए। उन्होंने सत्संग को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को सहयोग देना चाहिए। हम जीवन की कठिनाईयों और समस्याओं का मिलबैठ कर हल निकालें। आपसी सद्भाव और सहयोग से सामाजिक एकता बढ़ेगी। प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर का अंश विद्यमान है। हर व्यक्ति को उसके भीतर छुपे सदुणों से परिचय कराना आवश्यक है। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय सहित अन्य जन अभियान परिषद के सदस्यगण एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थें। स्नेह यात्रा के दौरान महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज ने ग्राम अतरिया निवासी श्री गणेश सिंह , ग्राम बिछिया निवासी श्री रामदीन कोल के घर जाकर उनके स्वास्थ्य एवं घर परिवार का हालचाल पूंछा। साथ ही लोगों ने ग्रामों पर स्नेह यात्रा पहुंचने पर पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया।

# मप्र के सागर जिले की आरक्षित नरयावली विधानसभा सीट 2003 से बीजेपी के पास है

**लीलाधर अहिरवार**

**सागर-नरयावली।** मप्र के सागर जिले की आरक्षित नरयावली विधानसभा सीट 2003 से बीजेपी के पास है। अभी यहां भाजपा से विधायक प्रदीप लारिया हैं। वो 2008 और 2013 और 2018 में बीजेपी की टिकट पर जीते हैं, लेकिन चौथी पारी में उन्हें अपनों के साथ-साथ कांग्रेस से बड़ी चुनौती देखने का मिल रही है। 2023 के चुनाव के मद्देनजर देखें तो कांग्रेस इस सीट को भाजपा से छीनने के लिए पूरा जोर लगा रही है। वहीं बसपा का भी अपना वोट बैंक है, वह उसमें बढ़ौत्तरी करने में लगी है। देखा जाए तो पिछले साढ़े चार साल से कांग्रेस ने इस विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाई है। कांग्रेस से लगातार इस क्षेत्र में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा चौधरी, माधवी चौधरी और लीलाधर अहिरवार किसी न किसी रूप में इनकी सक्रियता देखी जा रही है। वे भाजपा विधायक लारिया को घेरने में कोई भी मौका नहीं चूक रहे हैं।

### लीलाधर का दावा पड़ रहा सब पर भारी

कांग्रेस में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा चौधरी, माधवी चौधरी और लीलाधर अहिरवार आदि कई नेता टिकट के लिए प्रयासरत है। इनमें सुरेंद्र चौधरी 2013 और 2018 में दो बार चुनाव हार चुके हैं। 2008 में माधवी चौधरी के सिर पर भी हार का सेहरा बंधा है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा चौधरी भी जिलाध्यक्ष रहते हुए कुछ खास नहीं कर सकीं। इसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन सब पर युवा नेता लीलाधर अहिरवार भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि वे उभरते हुए युवा नेता



हैं। जो पिछले एक साल से क्षेत्र में सक्रिय हैं और लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं। वहीं वे 'अपनों से अपनी बात' के तहत ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और सरकार बनने पर हर संभव उनका समाधान करने का दावा कर रहे हैं। उधर, भाजपा में प्रदीप लारिया तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं, लेकिन 2023 में प्रदीप लारिया को अपनी ही पार्टी से तगड़ी चुनौती मिल रही है। प्रदीप लारिया को भाजपा के अंदर पूर्व विधायक नारायण कबीरपंथी, सागर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, संतोष रोहित, इंदु जया चौधरी जैसे कई नेताओं की दावेदारी से उनका टिकट खतरे में पड़ता दिखाई दे रहा है। विधायक

### गांव-गांव में सज रही लीलाधर की चौपाल

नरयावली विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रदीप लारिया तीसरी बार से विधायक हैं। वर्ष 2013 और 2018 के चुनाव में प्रदीप लारिया भाजपा से टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी रहे थे। इस बार चौधरी को कांग्रेस पार्टी रिपीट नहीं करने के लिए नए प्रत्याशी की खोज कर रही है। क्षेत्र में वर्तमान में अभी एक चेहरा गांव-गांव में लोगों से अपने से अपनों की बात करते हुए नजर आ रहा है, वह है लीलाधर अहिरवार। इनको सरकारी योजनाओं की गहराई से समझ होने का फायदा मिल सकता है। उन्हें जमीन से जुड़ा युवा नेता माना जा रहा है। वे कांग्रेस से नरयावली विधानसभा पर चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांग रहे हैं।

### क्या इस बार होगी कांटे की लड़ाई

इस बार नरयावली विधानसभा सीट पर विधानसभा के चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस अपना प्रत्याशी लीलाधर अहिरवार को बना सकती है। वहीं बहुजन समाज पार्टी का इस सीट पर ज्यादा दखल नहीं है। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं, कि भाजपा वर्तमान विधायक लारिया पर ही भरोसा जता सकती है। हालांकि यहां भाजपा में कई और चेहरे भी उभरकर आ रहे हैं, यह देखने वाली बात होगी।

### कांग्रेस का अजा वर्ग पर खास असर

बता दें, नरयावली सीट के जातीय समीकरण की बात की जाए तो यह सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। अनुसूचित जाति वोट 50 प्रतिशत से अधिक होने से इन क्षेत्रों को आरक्षित किया गया है। नरयावली का चुनाव समीकरण दो वर्गों से जुड़ा है। यहां अनुसूचित जाति के 70 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के 50 हजार और सवर्ण वर्ग के 40 हजार मतदाता हैं। कांग्रेस का अजा वर्ग पर खास असर है, तो बीजेपी से अन्य पिछड़ा वर्ग और सवर्ण वर्ग का मतदाता जुड़ा है।

# भारतीय सेना में भर्ती रैली का आयोजन 20अगस्त से उच्च अधिकारी ने व्यवस्थाओं की जाँच की




**देवेन्द्र कुमार जैन**


भोपाल। मेजर जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा जनरल ऑफिसर कमांडिंग पश्चिम मध्य प्रदेश सब एरिया ने भोपाल अग्निवीर रैली का दौरा किया। अग्निवीर रैली 20 अगस्त से मोती लाल नेहरु पुलिस स्टेडियम में शुरू हो गई है। उन्हें दूर-दराज के जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बनाई गई पूरी व्यवस्था दिखाई गई । व्यवस्थाओं की जांच करने के बाद मेजर जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने विभिन्न सिविल अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सहायता की प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने रैली मैदान का दौरा किया और उम्मीदवारों व सेना के संचालन कर्मचारियों के साथ चर्चा की । उन्होंनें रैली में संचालन करने वाले कर्मचारियों से बात की और पारदर्शिता बनाए रखने और साफ-सुथरा निष्पक्ष आचरण सुनिश्ति करने के लिए कहा ताकि उच्च कोटि के उम्मीदवारों को सेना में सेवा के लिए चुना जा सके। जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने प्रशासन, पुलिस, आर्मी स्टाफ के अच्छे काम की सराहना की । मेजर जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा को दौरे के दौरान, ब्रिगेडियर , उप महानिदेशक भर्ती, हेडक्वार्टर रिक्रूटिंग (एमपी और सीजी) और कर्नल, निदेशक भर्ती, सेना भर्ती कार्यालय भोपाल ने रैली के बारे में जानकारी दी। उन्हें इस वर्ष से पहली बार लागू की गई भर्ती की नई प्रकिया के बारे में अधिकारी को जानकारी दी।

# एम.पी. ट्रांसको ने गंजबसोदा में स्थापित किया 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर



**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने विदिशा जिले के 220 के.व्ही. सबस्टेशन गंजबसोदा में अतिरिक्त 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विदिशा क्षेत्र में एम.पी. ट्रांसको की पारेषण क्षमता को सुदृढ़ करने के लिये सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुये 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया है। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से 220 के.व्ही. गंजबासोदा सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 320 एम.व्ही.ए. हो गई है। लगभग 14.84 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर को भोपाल स्काडा कंट्रोल सेंटर से रिमोट टेक्नालॉजी के माध्यम से ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल हुई है। इससे गंजबसोदा से जुड़े 132 के.व्ही. के शहर्वासा, बरेथ, ग्यारसपुर सबस्टेशनों को फायदा पहुँचेगा। इसके अलावा सिरोंज, केलावा, कंजाना, मासोदपुर, सोमवारा, बासौदा, गुलाबगंज, व्योंदा, पठारी, बनवा जागीर, उदयपुर आदि क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी।

# शासकीय महाविद्यालय में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार।



**हल्के वीर- संवाददाता**

देवरी/उदयपुरा। दिनांक 22 अगस्त 2023 को शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में पुस्तकालय विभाग द्वारा ई लाइब्रेरी प्रबंधन एवं उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में ई लाइब्रेरी से संबंधित जानकारियां एवं उसके बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला गया की किस प्रकार की लाइब्रेरी के माध्यम से हम घर बैठकर या दुनिया के किसी भी कोने में अध्ययन सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। इस वेबीनार में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लाइब्रेरी की भूमिका, ई लाइब्रेरी प्रबंधन द्वारा किस प्रकार इंटरनेट की सहायता से पुस्तकालय की सेवाएं डिजिटल ऐप से प्राप्त कर सकते हैं। इस वेबीनार में मुख्य अतिथि भोपाल नर्मदा पुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ.मथुरा प्रसाद एवं अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.इशरत खान रही। इस वेबीनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रभात पांडे, डॉ. अमित किशोर व आसिम कुमार हलदार रहे। इस राष्ट्रीय वेबीनार के संयोजक श्री सत्येंद्र कुमार आठिया ग्रंथपाल एवं सहसंयोजक श्री पंकज आर्य क्रीड़ा अधिकारी रहे। इस राष्ट्रीय वेबीनार का शुभारंभ शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नू बड़कुड़ द्वारा सरस्वती पूजन उपरांत किया । महाविद्यालय पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित इस वेबीनार से देश के विभिन्न स्थान से विद्वानों द्वारा सहभगिता की गई। महाविद्यालय के राष्ट्रीय वेबीनार में सभी छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा। शिक्षा एवं पुस्तकालय के क्षेत्र में नवाचार लाया जाएगा।

# स्नेह यात्रा में संकीर्णताओं की बाधाओं को तोड़ रही है समरसता की धारा



**भोपाल।** प्रदेश के सभी जिलों में स्नेह यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे जन-सहभागिता और लोगों में उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। अब तक 4000 किलोमीटर से अधिक चल चुकी यात्रा में 7 लाख से अधिक लोग सहभागी बन चुके हैं। यात्रा में शामिल लोगों की पूज्य संतों के प्रति श्रद्धा और आस्था देखते ही बनती है। आसपास के गाँवों के लोग भी यात्रा में निरंतर शामिल हो रहे हैं। संत सभी को समझाते हैं कि हम सब एक ही ईश्वर की संतान हैं।

ईश्वर ने इंसानों में कभी भेद नहीं किया। हमे भी ईश्वर के बताए समानता और सद्भावना के मार्ग पर चलना चाहिए। स्नेह यात्रा के दौरान संतजन संपर्क में आने वाले लोगों को रूद्राक्ष, रूद्राक्ष की माला, तुलसी के पौधे, तुलसी की माला, रामचरितमानस और सुंदरकांड की लघु पुस्तिकाएँ, श्रीमद भागवद गीता और अन्य धर्म केन्द्रित साहित्य वितरित कर रहे हैं। संतजन कहते हैं कि भगवान राम हो या कृष्ण, शबरी और सुदामा के बिना अधूरे हैं। संतजनों द्वारा दी जा रही भेंट को लोग बड़ी आस्था से अपने घर के देव-स्थलों में रख रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्नेह यात्रा में संतजनों के निरंतर संपर्क में हैं। संतों से यात्रा के फीडबैक के रूप में उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद भी किया। सभी संतजनों ने इस यात्रा को अभूतपूर्व बताते हुए इसे एक श्रेष्ठ प्रयास बताया। संतजनों ने कहा कि यात्रा में जो श्रद्धा और स्नेह आमजन से मिल रहा है वह अभिभूत कर देने वाला है। इस यात्रा में हम भी बहुत कुछ सीख रहे हैं। संतों का विचार है कि इस प्रयास को निरंतरता प्रदान की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने आस्वस्त किया कि यह प्रयास भविष्य के एक महाभियान की शुरुआत बनेगा। मुख्यमंत्री ने यात्रा में समय और आत्मीयता प्रदर्शन के लिए संतजनों का आभार जताया। यात्रा के साथ संकीर्तन और गायन-वादन हो रहा है। अनेक स्थलों पर दोपहर और शाम को सहभोज में संकीर्तन के साथ-साथ रामचरित मानस के अंशों के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। स्नेह यात्रा सभी वर्गों को आत्मीयता के सूत्र में पिरोने के साथ-साथ बड़े सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बन रही है। लोगों को संत अपने सान्निध्य में साफ-सफाई, स्वच्छता, नशा-मुक्ति, सदाचार और सात्विक आहार और जीवन-शैली के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।

लोग पर्यावरण-संरक्षण के लिए पौध-रोपण और संरक्षण की शपथ ले रहे हैं। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 26 अगस्त तक निकाली जा रही स्नेह यात्रा का संयोजन मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के माध्यम से किया जा रहा है। यात्रा में सहभागी संगठन अखिल विश्व गायत्री परिवार, रामचंद्र मिशन, योग आयोग संस्थान, पतंजलि योग पीठ एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर खिरेटी आलीवाडा के विद्यार्थियों ने कबड्डी में किया प्रथम स्थान प्राप्त।

**देवरी से संवाददाता हल्के वीर**



देवरी। इस देश में खेलों को बहुत महत्व दिया जाता है देश के साथ-साथ विदेश में भी खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करके देश व प्रदेश का नाम रोशन करते हैं वहीं दूसरी ओर खेल को बढ़ावा देने के लिए, ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत भोपाल से संबंध भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित शिशु मंदिर विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर कुंडाली में आयोजित की गई। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर खिरेटी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शालावरु के छात्रों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके उनका उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विजेता खिलाड़ियों को सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त विजेता खिलाड़ियों को श्री बृजेंद्र जी रघुवंशी (व्यवस्थापक), श्री अमित रघुवंशी (प्रधानाध्यापक), सुंदर कुशवाहा आचार्य, अखिलेश नामदेव जी, शिव कुमार शर्मा जी, सोनम लोधी जी, कीर्ति रघुवंशी जी, बंदना मेहरा जी सभी सरस्वती शिशु मंदिर के स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला जन-प्रतिनिधियों के साथ किया पौध-रोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में मौलश्री, नीम, कदम्ब और गुलमोहर के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानति श्रीनिवासन, सांसद श्रीमती दर्शना सिंह, राज्य सभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा गुप्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती साल्वी शलाका, श्रीमती योगिनी देशपांडे सहित महिला मोर्चा की अन्य सदस्यों ने पौधा-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्री पूरन चौरसिया और श्रीमती क्षमा त्रिपाठी ने परिजनों के साथ अपने जन्म-दिवस पर पौध रोपे।

# भाई-बहनों के लिये साँची डेयरी मिष्ठान्न के साथ सेल्फी प्रतियोगिता 30 अगस्त को

**भोपाल।** दुग्ध महासंघ के साँची डेयरी द्वारा राखी पर्व पर भाई-बहनों के लिये 30 अगस्त 2023 तक सेल्फी प्रतियोगिता की जा रही है। साँची फेसबुक और साँची इंस्टाग्राम पर अपलोड की जाने वाली सर्वश्रेष्ठ चयनित सेल्फी को साँची का गिफ्ट हेम्पर दिया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रतिभागी को साँची फेसबुक और साँची इंस्टाग्राम पर सेल्फी को टेग करना है। भाई-बहन की साँची मिष्ठान्न के साथ खींची गई गुणवत्ता, सुंदरता और रचनात्मकता वाली सेल्फी को पेज पर टेग करना होगा। प्रतिभागी को साँची डेयरी फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज का फॉलोअर होना चाहिये। कमेंट सेक्शन में भाई-बहन अपनी तस्वीर साझा करें। प्रतिभागी विजेताओं का चयन साँची की विशेष टीम द्वारा किया जायेगा। किसी भी प्रतिभागी को चयन मानदण्ड पर आपत्ति उठाने का अधिकार नहीं होगा। विजेताओं को साँची की ओर से गिफ्ट हेम्पर उनके बताये घर के पते पर या नजदीक के साँची पॉर्लर या बूथ पर मिलेगा।




# रंगमंच कलाकार हरीसेवक अहिरवार जी की सूझबूझ से रंगसंगीत के कलाकारों ने अपनी गायन कला से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध ।



**देवरी से संवाददाता हल्के वीर**

देवरी। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय की अध्ययन इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत शुक्रवार 18 तारीख की शाम को देवरी के रविदास चौक पर मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल से प्रशिक्षित शहर के युवा रंगकर्मी, निर्देशक हरिसेवक अहिरवार के निर्देशन में हुई रंगसंगीत की भव्य प्रस्तुति। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से शुरू होती है। राम हीरा हिरा गयो कचरे में, ये तो प्रेम की बात है उद्यो,कोयलिया बोली रे, सखी सइयां तो खुबाई कामत है, है मन मुसाफिर निकलना पड़ेगा और अन्य बुंदेली लोकगीत,भजन, कबीर जी के पद आदि पारंपरिक लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। संगीत प्रस्तुति में मंच पर कलाकार रहे हार्मोनियम पर रघुवीर बघेल, उज्जवल जी, ढोलक- गणेश बघेल,नारायण मांडरे , मंजीरे- मनोज,झांझ- राधेलाल मलैया, गायन में- रघुवीर बघेल, नेतराम कटियार, सुखराम जी, भुजबल जी, राधेलाल, वालाप्रसाद , कैलाश बघेल, पुरुषोत्तम जी, हरिराम जी,सुमेर मांडरे , अन्य कलाकार मौजूद रहे, मंच संचालन- आशीष गढ़वाल, मंच प्रबंधक- बिहारी लाल मांडरे जी का रहा।

# आयुर्वेद डॉक्टर आयुष विभाग की विश्वसनीयता बढ़ायें : राज्य मंत्री श्री कावरे

**भोपाल।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा है कि आयुर्वेद डॉक्टर श्रेष्ठ कार्य से समाज में आयुष विभाग की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिये बेहतर प्रदर्शन करें। आयुर्वेद दुनिया की 5 हजार वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति है। कोरोना काल में जन-सामान्य ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये इसके महत्व को समझा है। राज्य मंत्री श्री कावरे आज पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के सभागार में कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। देवारण्य योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र भी मौजूद थे।






### उपलब्धि

- 550 आयुष औषधालय का उन्नयन
- 10 जिलों में सुपर स्पेशियलिटी पंचकर्म सेंटर को मंजूरी
- 562 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित
- 75 आयुष ग्राम में विशेष स्वास्थ्य सेवा
- 37 हजार परिवारों के करीब 2 लाख व्यक्तियों का स्वास्थ्य सर्वे
- देवारण्य योजना में जिला स्तरीय समितियों का गठन
- आयुष महाविद्यालयों में नवीन शोध के लिये विशेष व्यवस्था
- आयुष राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में आयुष विभाग की गतिविधियों का दायरा बढ़ाया गया है। विभाग को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये हैं। विभाग के मैदानी अधिकारी नियमित भ्रमण कर जन-सामान्य को आसानी से चिकित्सा सेवा सुलभ करायें। आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाये। प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना काल में योग से निरोग कार्यक्रम के बेहतर परिणाम मिले। आयुक्त आयुष श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि अभी संचालित 562 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की संख्या बढ़ाकर 800 की जा रही है। देवारण्य योजना और राष्ट्रीय आयुष मिशन के कार्यों पर भी चर्चा की गई।

### किसानों की औषधीय पौधों की खेती में बढ़ी रुचि

बताया गया कि देवारण्य योजना से किसानों की औषधीय खेती की तरफ रुचि बढ़ी है। किसानों को औषधीय पौधों की कीमत अच्छी मिल सके, इसके लिये निजी कम्पनियों के साथ एमओयू किये गये हैं। चयनित क्षेत्रों में किसान संगठनों के सहयोग से हर्बल पार्क तैयार किये जा रहे हैं। ग्वालियर के ख्याति प्राप्त आयुर्वेदाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र रिछारिया का उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिये सम्मान किया गया। संचालन डॉ. शुचि दुबे मिश्रा ने किया।

### शपथ पत्र

मैं शपथ ग्रहिता सत्य प्रतिज्ञा का कथन करता हूं कि
**मेरा नाम:** बहादुर भूरिया
**पिता का नाम:** श्री तेरु भूरिया
**आयु :** 17/10/1997
**व्यवसाय:** अध्ययन
**स्थाई पता:** 45, मेन रोड ग्राम खेड़ली, झाबुआ (म. प्र.)
पिन कोड 457661

1. यह कि मुझ शपथ ग्रहिता का पूरा नाम बहादुर भूरिया पिता तेरू भूरिया है।
2. यह कि मेरे द्वारा पूर्व में आधार कार्ड बनवाया गया था जिसका नंबर 376542386631 है उक्त आधार कार्ड में त्रुटि वंश मेरा नाम बहादुर पिता तेरु लिखा गया है, मेरा सरनेम भूरिया नहीं लिखा है। मेरा सही व सत्य पूरा नाम बहादुर भूरिया पिता श्री तेरु भूरिया है।
3. यह की यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम बहादुर पिता तेरू के स्थान पर बहादुर भूरिया पिता तेरु भूरिया किए जाने हेतु निष्पादित किया होकर प्रस्तुत किया गया है। किसी प्रकार की आपत्ति की दशा में जवाबदारी मुझ शपथ ग्रहिता की रहेगी।

# प्रसिद्ध देव स्थल भिलट बाबा मैं भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल बन रहे हैं



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा से 5 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध देव स्थल भिलट बाबा मैं सावन के सातवें सोमवार को एक अकाव के पेड़ पर ऐसा चमत्कार हो रहा है कि भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल बन रहे हैं जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ लग रही है वैसे तो बहुत अकाव के पेड़ आसपास है लेकिन एक ही पेड़ पर टहनी और पत्तों से स्वयं भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल का आकार बना हुआ है जिसे देखने वालों की भीड़ जमा हो रही है प्रत्यक्षदर्शी अनिल यादव ने बताया कि सावन के माह में यह तो भगवान का चमत्कार है जो साक्षात भगवान अकाव के पेड़ मे त्रिशूल के रूप में दर्शन दे रहे हैं जिसे देखने वालों की भीड़ लग रही है।

### कार्यालय एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला

# चंद्रयान-3 का चांद पर सफलता से उतरने की खुशी में विद्यालय में उत्सव




**संवाददाता हेमंत शाक्या**



रायसेन/ उड्दमऊ। विद्यालय एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला उड्दमऊ में आज सभी प्यारे विद्यार्थियों को प्रार्थना के पश्चात् शारीरिक व्यायाम का अभ्यास कराते हुए। समस्त छात्र- छात्राओं में एक नया उत्साह व उमंग देखने को मिली। सभी विद्यार्थियों का संकल्प हैं कि वह प्रतिदिन व्यायाम करेंगें ओर विद्यालय परिसर को एवं अपने अपने घर ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाने का संपूर्ण प्रयास करेंगें। तदोपरांत सभी विद्यार्थियों ने प्रार्थना एवं व्यायाम करने के तदोपरान्त सभी विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा कुछ फल एवं छायादार पौधे उपलब्ध कराए गए और कुछ प्रत्येक छात्र छात्राएं अपने अपने घर से पौधे लाए और विद्यालय परिसर में पेड़-पौधे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लगाए गए,मानो विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा कोई विशेष त्यौहार का आयोजन मिलजुलकर पूर्ण किया जा रहा हों। विद्यालय शिक्षकगण विद्यालय की अध्यापिका कु.रेशमा मैम, शिक्षिका कु. सपना धाकड़, शिक्षिका कु. शिवानी धाकड़, शिक्षिका कु. निशा पूर्वी, शिक्षक हेमंत शाक्या ओर समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

### विशेष यह उत्सव

चंद्रयान-3 के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतरा,चांद पर भारत ने लहराया तिरंगा । यह संपूर्ण भारतवासियों के लिए गौरव और हर्ष का विषय है इसी विजय के उपलक्ष्य में सभी देशवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा हैं। आज सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में हर्षोल्लास से यह उत्सव के रुप में खुशी खुशी मनाया गया।





प्रिय साथियों
डिक्की मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा बिज़नेस एक्सपर्ट/कंपनियों के सहयोग से व्यापार के नए अवसर सृजित करने के लगातार प्रयास किए जा रहा है। इसी कड़ी में स्ट्रीट मार्ट एक अभिनव पहल है, जिसमें कम पूंजी में अधिक रिटर्न मिलता है। स्ट्रीट मार्ट रेडीमेड गारमेंट्स शॉप है जिसे आप मध्यप्रदेश के किसी भी गांव/शहर में अपनी पसंद की जगहों पर खोल सकते हैं। बहुत छोटी पूंजी से स्व-रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आज ही इस गूगल फॉर्म को भरकर इस कारोबार से जुड़ें।

**डॉ. अनिल सिरवैयां**
**अध्यक्ष**
**डिक्की, मध्यप्रदेश**


### जय भीम साथियों

भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी के तमाम पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है की रायसेन जिले में संगठन,एवम पार्टी के विस्तार हेतु 2 दिवसीय जिला दौरा किया जा रहा है जिसमे भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जीतेंद्र मूलनिवासी एवम अंकित डागोर जिले की सभी तहसीलों में बैठक कर समीक्षा करेंगे एवम सभी तहसील, ब्लॉक,विधानसभा,की कार्यक्रणी का पुनः गठन करेंगे जिसमे आप सभी सामाजिक साथियों की उपस्थिति अनिवार्य है संगठन के विस्तार हेतु दिनांक 26 अगस्त दिन शनिवार व 27 अगस्त 2023 दिन रविवार जिले की 6 तहसीलों में इस प्रकार समय निर्धारित किया गया है

26 अगस्त
**उदयपुरा** – सुबह 10 बजे से 12 बजे तक
**देवरी** – दोप. 1 बजे से 3 बजे तक
**सिलवानी** – शाम 4 बजे से 7 बजे तक
**रात्रि विश्राम** – सिलवानी




27 अगस्त
**बेगमगंज** – सुबह 10 बजे से 12 बजे तक
**गैरतगंज** – दोप. 1 बजे से 3 बजे तक
**रायसेन सांची** – 4 बजे से 7 बजे तक

इस प्रकार मीटिंग का समय निर्धारित किया गया है सभी पदाधिकारीयों एवम कार्यकर्ताओं से विनम्र आग्रह है कि आप बैठक की तैयारी अभी से प्रारंभ कर दे और इस दौरे को सफल बनाने में सहयोग करे । मीटिंग में ब्लॉक व तहसील के समस्त पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का उपस्थित होना आवश्यक है । सभी आपसी सामंजस्य बनाकर इसे सफल बनने में सहयोग कर ।

निवेदक
जीतेंद्र मूलनिवासी
जिलाध्यक्ष रायसेन भीम आर्मी
मो. 8461044272

अंकित डागोर
जिलाध्यक्ष रायसेन आजाद समाज पार्टी कांशीराम

# समाज हित एक्सप्रेस हिन्दी वेब न्यूज़ पोर्टल के मुख्य संपादक रघुवीर सिंह गाडेगावलिया को आगरा में समाज सेवा के क्षेत्र मेंडॉक्टर बी आर अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया

**रामलाल रेगर**

गोपाल किरन समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय शिक्षक प्रकोष्ट के तत्वाधान में सद्भावना दिवस पर अंतराष्ट्रीय शिक्षा साहित्य कला महोत्सव एवं अवार्ड समारोह का कार्यक्रम ऐतिहासिक नगरी आगरा के सन होटल में आयोजित किया गया द्य जिसमे मुख्य अतिथि श्रीमति बेबी रानी मौर्य (पूर्व राज्यपाल) कैबिनेट मंत्री उतर प्रदेश शासन उपस्थित हुई द्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रान्तों की 170 विभूतियों में रघुबीर सिंह गाड़ेगांवलिया को सम्मानित भी किया गया आगरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति बेबी रानी मौर्य (पूर्व राज्यपाल) कैबिनेट मंत्री उतर प्रदेश शासन ने बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया द्य इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आर.के.मेहरा (सचिव लोक निर्माण विभाग मप्र शासन भोपाल, महेश चन्द्र (डिप्टी सेक्रेटरी,गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली),प्रो. कुमार रत्नम (उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन, ग्वालियर), सूर्यकान्त शर्मा (सीनियर कंसल्टेंट्स), प्रो.(डॉ.)संदीप कुलश्रेष्ठ (विभागाध्यक्ष), डॉ. प्रवीण गौतम, कपूर चंद्रा (से.नि.) अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश आगरा अतिथि लखमीचन्द गौतम,प्रो.एन.शांति कोकिला, व करतार सिंह भारतीय सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति बेबी रानी मौर्य का स्वागत राष्ट्रीय संयोजक सुनीता श्रीवास्तव और संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश निमराजे ने फूलो का गुलदस्ता भेटकर शाल ओढाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया द्य इसी




तरह विशिष्ट अतिथियों और अतिथियों का फूलो का गुलदस्ता भेटकर शाल ओढाकर सम्मान किया गया द्य कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पंचशील पटका पहनाकर स्वागत किया गया द्य मुख्य अतिथि के द्वारा दो पुस्तकों का विमोचन भी किया द्य मुख्य अतिथि श्रीमति बेबी रानी मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने संविधान में महिलाओ को अधिकार प्रदान किये द्य महिलाये कमायेगी तभी महिला सशक्तिकरण में आगे बढ़ेगी द्य शिक्षा के माध्यम से पेशेवर स्तर पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने की बात पर जोर दिया द्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ प्रशिक्षित कर रोजगार प्रदान करवाने पर जोर दिया द्य महिलाओ को सुझाव दिए कि फेस्टिवल के समय मार्किट के मुताबिक घरों में आइटम तैयार करके उन्हें बेच कर पैसा कमा कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधर सकती है द्य महिलाओ को चाहिए कि अपनी बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी रूचि के मुताबिक पेशेवर बनने हेतु प्रोत्साहित करने की जरूरत है द्य उन्होंने सेना में युद्ध के दौरान अपने दोनों पैर गवाने वाले सैनिक लीला राम की वीरता को सराहा और उन्हें फूलो का गुलदस्ता भेटकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया द्य सद्भावना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों द्वारा शिक्षा, साहित्य, कला एवं समाज सेवा में विशिष्ट योगदान हेतु विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। गाजियाबाद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव %शिखर% को साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु ÷सावित्री बाई फुले आइडल साहित्यिक अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया । इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य टीचर्स अवार्ड, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किरण सुपर आयरन लेडी ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड तथा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर नेशनल आगरा रन अवार्ड से विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया द्य सिद्धार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगरा की छात्राओं ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत नृत्य गीत प्रस्तुत किया गया द्य इसके अलावा धम्म वंदना और देश भक्ति का तिरंगा नृत्य पेश किया गया द्य नृत्य करने वाले बच्चो को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया संस्था की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में चौधरी राम गोपाल, अकबर अली, रघुवीर सिंह गाड़ेगांवलिया, स्थानीय कार्यक्रम संयोजक बच्चू सिंह एवं महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक अर्चना रानी, रमेश चंद्रा सहित संस्था के सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा । वही झालावाड़ से समाज हित एक्सप्रेस की टीम ने मुख्य संपादक महोदय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी

# 23 अगस्त 1942 के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार की गौरवगाथा

**मूलचंद मेधोनिया**
**चीचली, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश**
**मोबाइल 8878054839**

देश की आजादी में जाने अंजाने अनेकानेक क्रांतिकारी वीरों ने कुर्बानी दी है जिसमें सभी वर्गों के लोगों का महत्व नजर अंदाज करना नाइंसाफी है। मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर के नगर चीचली गोंडवाना राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जूदेव के वीर मनीराम अहिरवार जी चीचली रियासत में सुरक्षा के में तैनात थे। महात्मा गांधी जी से प्रभावित होकर स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय हुए, उन्हें महल की आंतरिक और गुप्त जानकारी देने यातनाएं दी गईं, पर अपने राज महल से व देश से गद्दारी नही की और अंग्रेजों से लोहा लेने लगें उन्होंने अंग्रेजी सैनिकों को लहूं लुहान कर घायल कर गांव से बाहर निकल दिया था। जिनके जीवन सन्दर्भ पर साहित्यकारो , लेखक, चश्मदीद स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार , इतिहासकारों व कवियों ने जो उल्लेख किया है जो निम्न है - प्रभात नीखरा गाडरवारा लेख 22 दिसंबर 1991 में 1942 का आंदोलन चीचली में विवरण दिया है कि मंशाराम जी की वीरोचित शहादत देखकर वीर मनीराम ने पुलिस को गालियां देते हुए पुनः गोली चलाने ललकारा। पुलिस ने मनीराम जी को लक्ष्य कर फायर किए, जिन्हें मनीराम जी आजू बाजू होकर तथा लेटकर बच गए। किंतु इन्हीं गोलियों में से एक गोली अपने घर के बाहर खड़ी गौरादेवी कतिया उम्र 45 वर्ष को लगी। चीचली की गौरव गाथा - कुर्बानी मंशाराम की सम्पूर्ण विवरण की संक्षिप्त झलक - स्मारिका प्रकाशन 22 दिसंबर 1991मे में देश के लोकसभा अध्यक्ष श्री शिवराज जी पाटिल द्वारा लोकार्पण स्मारिका में कविता - देख शहादत मंशाराम की, वीर मनीराम जी आगे आये। अपना सीना खोल पुलिस को, गोली चलाने ललकारे।। फायर किए पुनः कुत्तों ने, मनीराम तो बचे गौराबाई शहीद हुई। बंदी बनाये वीर मनीराम को, वलीबेदी पर दो आत्मा होम हुई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चीचली श्री नर्मदा प्रसाद महलवार ये वीर मनीराम अहिरवार की लड़ाई के चश्मदीद गवाह थे। जिन्होंने सन 1976 में दैनिक नवभारत के अपने लेख में उल्लेख किया कि वीर मनीराम अहिरवार अंग्रेजी सेना को गोली चलाने का बोला स्वयं सीना आगे कर अंग्रेजी सैनिकों से लडे। दुर्गाशंकर जसाटी चीचली इनके लेख त्रैमासिक भावभूमि पिपरिया जिला होशंगाबाद - अक्टूबर से दिसंबर सन्



1976 में इन्होंने अपने लेख में लिखा वीर मनीराम ने पुलिस को अपना सीना खोलकर गोली चलाने ललकारा। बाद में चीचली में दमन चक्र चलाया और कितने निरपराध व्यक्तियों की मारपीट की गई। राजेश जैन गाडरवारा द्वारा 23 अगस्त देश भक्ति देश सेवा प्रकाशन में वीर मनीराम जी के बारे में लिखा - मनीराम जी ने पुलिस को गालियां देते हुए पुनः गोलियां चलाने को ललकारे पंचशील पंचशील हेगड़े लेखक एवं पत्रकार इनके द्वारा दैनिक हितवाद जबलपुर दिनांक 23 अगस्त 1942 82 मैं पुण्यतिथी विशेष पर लिखा है कि वीर श्री मनीराम जी ने पुलिस को गालियां देते हुए गोली चलाने के लिए ललकारा था। सुरेश अग्रवाल करेली जिला नरसिंहपुर के द्वारा दैनिक भास्कर जबलपुर दिनांक 23 अगस्त 1986 के लेख में लिखा है कि मंसाराम जी की शहादत देख कर वीर मनीराम ने पुलिस को गाली दी पुलिस ने उन्हें अपनी गोली का निशाना बनाया किंतु वह गोली से बच गए लेकिन अंततः तक वह अंग्रेजों से लड़ते रहे । विनोद शर्मा पत्रकार चीचली इनके द्वारा अंग्रेजी आंदोलन के पक्षियों के आधार पर दिनांक 23 अगस्त 2000 के विशेषांक लेख में अमर शहीद वीर मनीराम जी अहिरवार के बारे में लिखा है कि मनीराम ने पुलिस को गालियां देते हुए पुनः गोली चलाने ललकारा दूसरे दिन यानी कि सन 1942 मैं दिनांक 24 अगस्त को चीचली में स्पेशल सेना आई जिसमें मद्रासी सैनिक थे जिन्होंने दमन चक्र चलाया और लोगों को बेदर्दी से पीटा और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी ने आजादी के आन्दोलन में योगदान देकर अंग्रेजी सेना को गांव से खदेड़ कर गोंड राजमहल की सुरक्षा की बाद में अंग्रेजों ने उन्हें धोका से गिरफ्तार कर अपनी जेल में ही दफन किया, ऐसे महान क्रांतिकारी वीर सपूत को नमन।

# 14 अगस्त आजादी की पूर्व संध्या पर छात्रों ने आजादी रैली का आयोजन किया

14 अगस्त आजादी की पूर्व संध्या पर छात्रों ने आजादी रैली का आयोजन किया जिसकी सभा नीलम पार्क में की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक ने की। सभा को मुख्य रूप से एसएफआई के राज्य उपाध्यक्ष दीपक पासवान ने अपना वक्तव्य रखते हुए केंद्रीय कमेटी के द्वारा अभियान के नारे भारत बचाओ, शिक्षा बचाओ, संविधान बचाओ के महत्व को समझाते हुए उन्होंने बताया कि किस तरीके से नई शिक्षा नीति के माध्यम से सरकार दलितों आदिवासियों एवं समूचे छात्र समुदाय को शिक्षा से वंचित करने की ओर कदम उठा रही है , मध्यप्रदेश में इसकी शुरुआत काफी पहले से हो रही हैं वर्तमान में हमला शिक्षा पर और तेज हुआ है स्कूलों को मर्ज कर एवं नई शिक्षा नीति ने छात्रों को शिक्षा से दूर करने का काम किया है जिसके चलते छात्रों के ड्रॉपआउट होने की संख्या बड़ी है इसमें बहुत बड़ा हिस्सा छात्राओं का है। वहीं दूसरी ओर संघीय ढांचे पर किए जा रहे हमले जो भारत की पहचान है अनेकता में एकता उसे खंडित करने का काम भाजपा सरकार की राष्ट्र विरोधी नीति कर रही हैं बड़े पैमाने पर संविधान में संशोधन कर ऐसी नीतियां लाई जा रही हैं जो देश में जनता की सामाजिक सुरक्षा जो कम कर एवं कारपोरेट घरानों की रक्षा करती हुई दिखाई देती हैं देश के कारखाने शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार सभी को लूटने के लिए सरकार ने कॉर्पोरेट के हाथ खुले छोड़ रखे हैं। निरंकुशता के साथ लूट का काम जारी है एवं दलितों आदिवासियों और समूचे भारत की जनता को कुल्हू के बेल की तरह पैरा जा रहा है आजाद भारत में यह दुर्भाग्यपूर्ण है और यह स्पष्ट होता है कि आजादी के 76 साल बाद भी भगत सिंह, अंबेडकर, गांधी ,फूल के सपने अधूरे हैं इनको साकार करने के लिए हम छात्रों और नौजवानों को लगातार संघर्ष करना चाहिए ताकि हम अपने वर्तमान और भविष्य बेहतर बना पाए एक नई सुबह जिसमें शोषण मुक्त समाज हो उसे सुबह को ला पाए इन्हीं शब्दों के साथ उन्होंने अपनी बात खत्म की और अन्य जिले से भी आए छात्र साथियों ने संबोधित किया सोनू अहिरवार, अरविंद , रुकमणी, पवन,विकास, राहुल,संदीप धनवाल,विजय, शेलेंद्र, अंकित पियूष,अजय के साथ अन्य साथियों ने भी अपनी बात कही कार्यक्रम का समापन बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष साथी अभिषेक के संबोधन के साथ हुआ।


# शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कर युवाजनो को स्वंय के रोजगार से जोड़ रही प्रदेश सरकार-जिपं अध्यक्ष

## रोजगार दिवस कार्यक्रम में 2607 प्रकरणों में कुल 1895.32 लाख की राशि के स्वीकृति पत्र व चेक प्रदाय

**विदिशा।** जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज विदिशा के रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन में किया गया था उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाए जाने के प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए थे। जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा के अलावा कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट व अन्य अधिकारियों के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया गया। आज आयोजित रोजगार दिवस कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, ग्रामीण पथकर विक्रेता, क्रेडिट लिंकेज (एस.एच.जी), पीएम सम्मान निधि योजना, स्वरोजगार योजना, एस.एच.जी लिंकेज, केसीसी, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रोसेसिंग योजना, मुद्रा योजना, स्टैंड अप योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 2607 प्रकरणों में कुल 1895.32 लाख की राशि के स्वीकृति पत्रों एवं चेक का वितरण किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी रोजगार दिवस कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का काम कर रहे हैं शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने को युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है आज युवाजन नई दिशा में काम कर रहे हैं और अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर रहे हैं इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने सीखो कमाओ योजना में भी युवाओं को रोजगार दिया है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी दिन-रात युवाजनों को स्वरोजगार कैसे मिले के कार्यों के लिए प्रयासरत हैं लगातार उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं साथ ही मुख्यमंत्री जी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को छोटे-छोटे उद्योग लगाने के लिए ऋृण उपलब्ध करा रहे है इन योजनाओं का लाभ लेकर युवाजन अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर रहे हैं युवाजनों को एक नई दिशा मिल सके और वह अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर अग्रसर हो सके इस दिशा में मध्य प्रदेश की सरकार कार्य कर रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री जी लगातार प्रदेश को विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं बीमारू राज्य को विकसित राज्य की ओर ले जाने का कार्य मुख्यमंत्री जी ने किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होंने लगातार काम करते हुए विभिन्न प्रकार की सुविधा आमजनों को दी हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री जी ब्याज अनुदान पर युवाजनों को स्वयं का रोजगार देने के लिए योजनाओं के माध्यम से बिना किसी गारंटी के लोन देने का कार्य कर रहे हैं। आज इस रोजगार दिवस कार्यक्रम में विदिशा जिले के 2607 युवाजनों को जिला प्रशासन द्वारा ऋृण उपलब्ध कराया गया है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह युवाजन लोन लेकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इस हेतु भी कई प्रकार के कार्य हो रहे हैं। होनहार छात्रों को लैपटॉप और तो और अब टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी भी मध्य प्रदेश की सरकार दे रही है। इसके पहले जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने रोजगार दिवस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पिछ्ले तीन वर्षों से निरंतर रोजगार दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# कई बार टॉन्सिल्स में परेशानी के लक्षण हो सकते हैं कैंसर की शुरूआत के संकेत

टॉन्सिल्स मुंह के भीतर मौजूद दो पैड्स होते हैं, जिन्हें शरीर के इम्यून सिस्टम का हिस्सा माना जाता है। टॉन्सिल्स से जुड़ी समस्याओं को कई बार लोग नजरअंदाज कर देते हैं। टॉन्सिल्स में परेशानी होने पर आपको खाने में या भोजन निगलने में दिक्कत होती है। इसकी वजह से आपको गले में दर्द, सूजन और खराश या खांसी की समस्या भी हो सकती है। टॉन्सिल्स में इन्फेक्शन होने पर आपको इन परेशानियों का खतरा रहता है। लेकिन जरूरी नहीं कि ये लक्षण सिर्फ टॉन्सिल्स में इन्फेक्शन की वजह से हों, कई बार ये लक्षण टॉन्सिल्स कैंसर के शुरुआती संकेत होते हैं। टॉन्सिल्स कैंसर की समस्या शुरुआत में दिखने वाले लक्षणों को पहचानकर इलाज लेने से आप जल्दी ठीक हो सकते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं टॉन्सिल्स कैंसर के कारण, लक्षण और इलाज।



### टॉन्सिल्स कैंसर कैसे होता है?

तंबाकू और पान मसाला आदि का सेवन करने वाले लोगों में टॉन्सिल्स कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। टॉन्सिल्स कैंसर की समस्या आपको किसी भी उम्र में हो सकती है। शुरुआत में कैंसर कोशिकाएं टॉन्सिल्स को शिकार बनाती हैं, फिर धीरे-धीरे यह आसपास के अंगों में विकसित होने लगती हैं। टॉन्सिल्स की हेल्दी सेल्स के डीएनए में बदलाव के बाद कैंसर कोशिकाओं का विकास शुरू होता है। टॉन्सिल्स कैंसर का कोई सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है लेकिन कई शोध और अध्ययनों में यह कहा गया है कि ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) की वजह से यह समस्या ज्यादातर लोगों में फैलती है।

### प्रमुख रिस्क फैक्टर्स

मेयो क्लिनिक पर मौजूद जानकारी के मुताबिक टॉन्सिल्स कैंसर की समस्या के कुछ प्रमुख जोखिम कारक इस तरह से हैं-

- तंबाकू का सेवन
- बहुत ज्यादा शराब का सेवन
- ड्रग्स और नशे की वजह से
- ह्यूमन पेपिलोमा वायरस

### टॉन्सिल कैंसर का लक्षण क्या है?

टॉन्सिल्स कैंसर की शुरुआत में आपको भोजन करने में दिक्कत, गले और जबड़ों में दर्द जैसी समस्याएं होती हैं। इसके अलावा जब कैंसर कोशिकाएं तेजी से विकसित होने लगती हैं, तो इसके लक्षण भी गंभीर होने लगते हैं। टॉन्सिल्स कैंसर की समस्या में दिखने वाले कुछ प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

- भोजन निगलने में परेशानी
- गले और जबड़े में तेज दर्द
- कान में गंभीर दर्द
- गले में सूजन और खांसी
- आवाज में बदलाव
- तेजी से वजन कम होना
- जबड़े का सख्त होना

### टॉन्सिल्स कैंसर का इलाज

टॉन्सिल्स कैंसर के लक्षण दिखने पर डॉक्टर मरीज की जांच करते हैं। जांच के बाद मरीज के लक्षण और कैंसर के स्टेज के आधार पर इलाज किया जाता है। शुरूआती स्टेज में इसका पता चलने पर दवाओं के सेवन और रेडिएशन थेरेपी से इस समस्या का इलाज होता है। गंभीर मामलों में मरीज को सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी दोनों की जरूरत पड़ सकती है।

### बचाव के उपाय

टॉन्सिल्स कैंसर से बचाव के लिए आपको खानपान और लाइफस्टाइल का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तंबाकू और तंबाकू से बने प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से आपको इसका खतरा ज्यादा रहता है। इसके अलावा बहुत ज्यादा ज्यादा शराब पीने वाले लोगों में भी टॉन्सिल्स कैंसर की समस्या हो सकती है। इसलिए टॉन्सिल्स कैंसर से बचने के लिए शराब और तंबाकू का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क जरूर करें।

# दुनियाभर में करोड़ों लोग हैं थायराइड की बीमारी से प्रभावित

## थायराइड ग्लैंड में खराबी आने पर बिगड़ जाता है इस हार्मोन का फंक्शन

शरीर को सही ढंग से फंक्शन करने के लिए अलग-अलग हॉर्मोन की जरूरत होती है। थायराइड भी शरीर में मौजूद एक तरह का हॉर्मोन होता है। यह हॉर्मोन शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और सेल्स को कंट्रोल करने का काम करता है। थायराइड हॉर्मोन शरीर में तितली की आकार में मौजूद थायराइड ग्रंथि से होता है। यह ग्रंथि शरीर में दो जरूरी हॉर्मोन का उत्पादन करती है- टी1 और टी4। थायराइड ग्लैंड में खराबी आने पर इसका फंक्शन बिगड़ जाता है। इस स्थिति में थायराइड ग्लैंड सही ढंग से पर्याप्त मात्रा में हॉर्मोन का उत्पादन नहीं कर पाता है, या फिर बहुत ज्यादा मात्रा में हॉर्मोन का उत्पादन करने लगता है। इस स्थिति को थायराइड की बीमारी कहते हैं। दुनियाभर में थायराइड की बीमारी करोड़ों लोग प्रभावित हैं।



थायराइड की बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को सही केयर और सपोर्ट देने के लिए हर साल 25 मई के दिन विश्व थायराइड डे मनाया जाता है। वर्ल्ड थायराइड अवेयरनेस डे पूरी दुनिया में मनाया जाता है और इस दिन बीमारी के लक्षण, इलाज और देखभाल को लेकर जागरूकता फैलाने और नए शोध को सामने लाने की कोशिश की जाती है। इस वर्ष भी लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया गया।

### यूं हुई थी शुरूआत

थायराइड की बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से साल 2007 में यूरोपियन थायराइड एसोसिएशन ने थायराइड डे मानाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने के बाद दुनियाभर में 25 मई के दिन विश्व थायराइड जागरूकता दिवस मनाया जाता है। 25 मई को यूरोपियन थायराइड एसोसिएशन का फाउंडेशन डे भी होता है, इसलिए इस दिन थायराइड डे भी मानाने का प्रस्ताव रखा गया था। अमेरिकन थायराइड एसोसिएशन, लैटिन अमेरिकन थायराइड सोसाइटी और एशिया-ओशिनिया थायराइड एसोसिएशन ने यूरोपियन थायराइड एसोसिएशन के साथ दिन मानाने की शुरुआत की थी।

### क्या होती है थायराइड की बीमारी?

थायराइड ग्लैंड में खराबी आने पर इसका कामकाज प्रभावित होता है और इसी स्थिति को थायराइड की बीमारी के नाम से जाना जाता है। थायराइड की बीमारी जब शुरू होती है, तो इसके कुछ खास लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। जैसे ही यह बीमारी बढ़ने लगती है, इसके लक्षण गंभीर होने लगते हैं। सही समय पर थायराइड के लक्षणों को पहचानकर इलाज लेने से खतरा कम होता है। इस बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज करने से मरीज की परेशानियां गंभीर हो सकती हैं। थायराइड दो प्रकार का होता है, हाइपरथायराइड और हाइपो थायराइड। जब थायराइड ग्लैंड से हॉर्मोन का उत्पादन ज्यादा होने लगता है तो इसकी वजह से हाइपरथायराइड कि स्थिति पैदा होती है। वहीं जब ग्रंथि अंडर एक्टिव यानि कम सक्रिय हो जाती है तो यह हाइपोथायराइड का कारण बनती है।

### थायराइड के लक्षण क्या हैं?

थायराइड की समस्या में दिखने वाले प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

- वजन बढ़ना
- नींद से जुड़ी परेशानियां
- घबराहट और चिड़चिड़ापन
- बालों का पतला होना
- मेंस्ट्रुअल ब्लीडिंग बढ़ना
- आवाज भारी होना
- आंखों से जुड़ी समस्याएं
- मांसपेशियों में कमजोरी और थकान

थायराइड की बीमारी में सही समय पर जरूरी केयर और इलाज मिलने से इसे ठीक किया जा सकता है। इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए आपको हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए। रोजाना व्यायाम और योग का अभ्यास करें। इसके अलावा शरीर के लिए फायदेमंद और हेल्दी फूड्स का सेवन करें। प्रोसेस्ड फूड, मसालेदार और तला-भुना खाना इस बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकता है। थायराइड से बचने के लिए पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने की कोशिश करें।

## दूरसंचार कंपनियों की राजस्व वृद्धि 9% रहेगी...




**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा उद्योग की राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कम यानी सात से नौ प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान लगाया है। इक्रा ने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क दरों में वृद्धि की संभावना नहीं है जिससे दूरसंचार कंपनियों की प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) स्थिर रहेगी। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि 5जी नेटवर्क लगाने के लिए दूरसंचार कंपनियों को बड़ी मात्रा में फाइबर लगाना होगा। इससे मध्यम अवधि में दूरसंचार कंपनियों का खर्च बढ़ेगा। इक्रा ने कहा कि इन वजहों से दूरसंचार कंपनियों का कर्ज मार्च, 2024 में ऊंचे स्तर 6.1 से 6.2 लाख करोड़ रुपये के बीच रहेगा। 31 मार्च, 2023 को यह 6.3 लाख करोड़ रुपये था। इक्रा ने बयान में कहा कि दूरसंचार कंपनियों की राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष में कम यानी सात से नौ प्रतिशत रहेगी।

# बाजार शुरुआती नुकसान से उबरे, सेंसेक्स 137 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती नुकसान से उबरते हुए लाभ में रहे और बीएसई सेंसेक्स में करीब 137 अंक की तेजी रही। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली इन्फोसिस, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली होने से बाजार को समर्थन मिला। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 137.50 अंक की बढ़त के साथ 65,539.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 369.03 अंक तक



गिरावट दर्ज की गई थी। निफ्टी भी 30.45 अंक की बढ़त के साथ 19,465 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति में उछाल से बाजार को लेकर उन्होंने कहा, हालांकि बाजार को इस बात से राहत मिली है कि जो महंगाई बढ़ी है, वह संभवतः अस्थायी है। इससे बाद में बाजार में तेजी लौटी। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक 2.43 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, विप्रो और एसबीआई में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।

# बैंकों के एनबीएफसी कर्ज में 35 फीसदी का उछाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बैंकों का गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आवंटित ऋण जून महीने में 35.1 प्रतिशत बढ़कर 14.2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। साख तय करने वाली एजेंसी केयर रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा कि बैंकों की तरफ से एनबीएफसी को दिया गया कर्ज जून महीने में सालाना आधार पर 35.1 प्रतिशत बढ़कर 14.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे यह संकेत मिलता है कि गैर-बैंकिंग




वित्तीय कंपनियों की कोष के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता कम हुई है। इसके साथ कुल कर्ज में एनबीएफसी की हिस्सेदारी इस साल जून महीने में बढ़कर 9.9 प्रतिशत हो गयी जबकि साल भर पहले यह 8.5 प्रतिशत थी। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि एचडीएफसी लि. का एचडीएफसी बैंक में विलय एक जुलाई से प्रभाव में आने से यह हिस्सेदारी कम होगी और बैंकों का एनबीएफसी को कर्ज भी कम होगा। एचडीएफसी का बैंक कर्ज का अस्थायी तौर पर फिर से वर्गीकरण होने पर कर्ज एचडीएफसी बैंक में स्थानांतरित हो जाएगा। इस बीच, वाणिज्यिक पत्र (सीपी) के जरिये म्यूचुअल फंड की तरफ से एनबीएफसी में किया गया निवेश भी जून महीने में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये रहा।

# खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने का असर शहरी गरीबों पर



- 15 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंची
- उच्च आय वर्ग पर सबसे कम असर देखा गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के 15 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने की सर्वाधिक मार शहरी गरीबों पर पड़ी है।

क्रिसिल की बाजार आसूचना एवं विश्लेषण इकाई ने एक टिप्पणी में कहा कि शहरी क्षेत्रों के उच्च आय वर्ग पर बढ़ी हुई मुद्रास्फीति का सबसे कम असर देखा गया। इसकी वजह यह है कि उच्च आय वर्ग की खपत वाले उत्पादों में खाद्य उत्पादों की हिस्सेदारी तुलनात्मक रूप से कम होती है। हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई जो कि पिछले 15 महीनों का उच्चतम स्तर है इस संबंध में जारी क्रिसिल की रिपोर्ट कहती है, 'अन्य आय वर्गों की तुलना में सबसे गरीब लोगों पर बढ़ी हुई मुद्रास्फीति की सर्वाधिक मार पड़ी। खाद्य मुद्रास्फीति में हुई तीव्र वृद्धि से ऐसा हुआ। शहरी इलाके के गरीब तबके पर इसका सबसे अधिक असर देखा गया।'

क्रिसिल ने इस आकलन के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल करने के साथ तीन आय वर्गों के व्यय खंडों की भी गणना की। रिपोर्ट कहती है कि शहरी इलाकों में निचले 20 प्रतिशत आय समूह के लिए, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत रही जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 7.9 प्रतिशत पर रही।

# महिंद्रा को चाकन संयंत्र से दो लाख ईवी वाहनों की उम्मीद



एजेंसी ▶▶ केपटाउन

महिंद्रा एंड महिंद्रा को महाराष्ट्र के चाकन में बनने वाले अपने कारखाने में 2027 से 2029 तक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उत्पादन सालाना दो लाख इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है। कंपनी के अध्यक्ष (वाहन क्षेत्र) विजय नाकरा ने यह जानकारी दी।

कंपनी को उम्मीद है कि 2030 तक कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत हो जाएगी। वाहन कंपनी को इसी साल जनवरी में महाराष्ट्र सरकार से पुणे के पास चाकन में 10,000 करोड़ रुपये के ईवी संयंत्र को स्थापित करने की मंजूरी मिली है। कंपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने और अपनी आगामी 'बॉर्न इलेक्ट्रिक' (बीई) मॉडल के विकास और उत्पादन के लिए अपनी अनुषंगी के माध्यम से सात-आठ साल में यह निवेश करेगी। नाकरा ने कहा, "हम चाकन संयंत्र में 2027 से 2029 तक उत्पादन दो लाख इकाई तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि बीई श्रृंखला के अंतर्गत पहला उत्पाद अगले साल के अंत तक बाजार में आ सकता है और चाकन संयंत्र में उत्पादन उससे चार-पांच महीना पहले शुरू हो सकता है। एमएंडएम यात्री वाहन खंड में एकमात्र इलेक्ट्रिक मॉडल-एक्सयूवी400 बेचती है, जिसका उत्पादन महाराष्ट्र के नासिक स्थित संयंत्र में होता है। कंपनी हालांकि घरेलू इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है।

# एप्टेक के सीईओ अनिल पंत का निधन



**नई दिल्ली।** व्यावसायिक कौशल विकास एवं प्रशिक्षण से जुड़ी कंपनी एप्टेक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिल पंत का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ महीनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। कंपनी ने शेयर बाजार को पंत के निधन की सूचना देते हुए इस पर गहरा शोक जताया। कंपनी ने कहा, 'डॉ. पंत के योगदान और ऊर्जा को कंपनी में काफी महसूस किया जाएगा। कंपनी के सभी निदेशक एवं कर्मचारी उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हैं।' पंत जुलाई, 2016 में एप्टेक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ बनाए गए थे। हालांकि, पिछले कुछ महीनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। इस दौरान कंपनी ने जून एवं जुलाई में उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी भी दी। एप्टेक के निदेशक मंडल ने पंत के अनिश्चितकालीन अवकाश पर होने से जुलाई में अनुज कक्कड़ को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया था।

# हुंडई का जीएम के तालेगांव संयंत्र अधिग्रहण के लिया समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी क्षेत्र की वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने जनरल मोटर्स इंडिया के तालेगांव कारखाने के अधिग्रहण को लेकर संपत्ति खरीद समझौता किया है। कंपनी ने इस साल मार्च में जनरल मोटर्स इंडिया (जीएमआई) तालेगांव विनिर्माण संयंत्र में भूमि, भवन और कुछ विनिर्माण उपकरण हासिल करने को लेकर शुरुआती समझौता किया था। कंपनी ने कहा कि वह 2025 में कारखाने में विनिर्माण कार्य शुरू करने की योजना बना रही है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उन्सु किम ने बयान में कहा ने कहा, हमारी




महाराष्ट्र के तालेगांव में 'मेड-इन-इंडिया' कारों के लिये एक अत्याधुनिक कारखाना बनाने की योजना है। हमारा विनिर्माण कार्य 2025 में महाराष्ट्र के तालेगांव में शुरू होने वाला है। किम ने कहा कि इस साल की शुरुआत में कंपनी ने क्षमता विस्तार और इलेक्ट्रिक वाहन परिवेश स्थापित करने के लिये 20,000 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये थे। कंपनी का श्रीपेरम्बदुर (चेन्नई) और तालेगांव कारखानों के साथ सालाना 10 लाख इकाई की उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य है। जनरल मोटर्स इंडिया के तालेगांव कारखाने की मौजूदा उत्पादन क्षमता 1.3 लाख इकाई सालाना है। कंपनी ने कहा, 'समझौता पूरा होने के बाद हुंदै का बाजार में रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिये सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना है।'

# फॉक्सकॉन सितंबर में भारत में लांच कर सकता है आईफोन 15

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत के अपने तमिलनाडु प्लांट में आईफोन 15 बनाना शुरू कर दिया है। उत्पादन में तेजी लाने के लिए फॉक्सकॉन ने चेन्नई स्थित प्लांट में उत्पादन लाइनें भी बढ़ा दी है। इसके साथ ही फॉक्सकॉन जल्द ही हैदराबाद में एप्पल के वायरलेस ईयरबड्स भी बनाएगी। आईफोन 13 के लांच होने के लगभग छह से सात महीने बाद भारत में इसका उत्पादन शुरू हुआ था। हालांकि आईफोन 14 उत्पादन लांच के एक महीने बाद ही शुरू हुआ था, लेकिन इस बार आईफोन 15 का निर्माण लांच के पहले ही शुरू हो गया है। यानी इस बार भारत में बने आईफोन 15 दूसरे देशों में एक्सपोर्ट किए जाएंगे।

### भारत में 2017 से बन रहे आईफोन

एप्पल ने 2017 में आईफोन एसई के साथ भारत में आईफोन्स की निर्माण की शुरूआत की थी। इसके तीन इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सर्विस पार्टनर- फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन है। आईफोन एसई के बाद भारत में आईफोन 11, आईफोन 12 और आईफोन 13 का निर्माण भी किया गया। फॉक्सकॉन का प्लांट चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में है।




### सितंबर में आईफोन 15 लांच कर सकती है कंपनी

एप्पल सितंबर महीने में आईफोन 15 सीरीज लांच कर सकता है, जिसमें कई फोन शामिल होंगे। आईफोन 15 की कीमत 79,900 रुपए हो सकती है। हालांकि, अभी तक कंपनी ने ऑफिशियल तौर पर इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है। लीक्स के मुताबिक, अपकमिंग आईफोन 15 में कंपनी चार्जिंग के लिए टाइप-सी पोर्ट देगी।

*टाटा ग्रुप भी बनाएगी आईफोन 15 : रिपोर्ट में बताया गया है कि एप्पल के अन्य विनिर्माता भी जल्द भारत में आईफोन 15 असेंबल करेंगे। इसमें पेगाट्रॉन कॉर्प और विस्ट्रॉन-प्लांट शामिल है।*

### भारत सरकार की पीएलआई योजना का हिस्सा एप्पल

एप्पल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट निर्माता भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम (पीएलआई) का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन निर्माण में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई योजना को लांच किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल निर्माण का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)